प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे।

यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं।

****************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन और टेस्टिंग फैसिलिटी का वर्चुअल उद्‌घाटन करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करता है तो सरहद पार भी आतंकियों को सुरक्षित पनाह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड की नीति के तहत भारत न सिर्फ अपने लिए हथियार बनाएगा, बल्कि दुनिया को भी निर्यात करेगा।

****************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि युद्ध के कई गेमिंग वीडियो हाल के भारत–पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में प्रसारित किए जा रहे हैं। लोगों को ऐसे प्रोपेगंडा से बचने की सलाह दी गई है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि सोशल मीडिया पर ऐसे गेमिंग वीडियो बड़ी संख्या में दिखाये जा रहे है।

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है जहां पिछले दस दिनों से डीजीपी का पद खाली है और बिना संवैधानिक वैधता के व्यक्ति कार्य कर रहा है। श्री मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार बिना वेतन, कमीशन आधारित सेवा की नई परंपरा शुरू कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार पर संविधान और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी का आरोप भी लगाया।

****************

आज मदर्स डे भी है। यह परिवार में माँ के सम्मान में मनाया जाने वाला उत्सव है। कोडरमा में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मातृ दिवस पर सभी माताओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि मातृत्व का सम्मान सिर्फ एक दिन नहीं, हर दिन होना चाहिए। मौके पर उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय माताओं के स्वास्थ्य और भविष्य को सशक्त बनाने के लिए सतत कार्य कर रहा है।

****************

साहिबगंज के ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन ने पीएचईडी विभाग को निर्देश दिए हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******समाप्त*********